# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

## कक्षा-आठवीं

### भाग–क (बहुवैकल्पिक प्रश्न)

1. प्रश्न– 'त्र' किन दो वर्णों के मेल से बना है?
(क) त+र (ख) त्+र (ग) त+र् (घ) त्+र्

2. प्रश्न– 'क्ष' किन दो वर्णों के मेल से बना है?
(क) क्+श (ख) क्+ष (ग) क+स (घ) क्+श्

3. प्रश्न– 'ज्ञ' किन दो वर्णों के मेल से बना है?
(क) ग+य (ख) ग्+ज (ग) ग्+य (घ) ज्+ञ

4. निम्नलिखित शब्दों में से 'प्रभात' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?
(क) भारी (ख) रात (ग) सवेरा (घ) दिन

5. निम्नलिखित शब्दों में से 'धरती' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?
(क) भूमि (ख) धरा (ग) पृथ्वी (घ) यह सभी

6. निम्नलिखित शब्दों में से 'चरण' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?
(क) लात (ख) घुटना (ग) पैर (घ) हाथ

7. 'झण्डा' शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनो-
(क) पताका (ख) डंडा (ग) कपड़ा (घ) रस्सी

8. रिक्त स्थान भरो- 'इस्लाम की निगाह में सब__________ हैं।'
(क) भिन्न (ख) बड़े छोटे (ग) अलग-अलग (घ) बराबर

9. रिक्त स्थान भरो- 'तुम्हारी_________ तवे से जल जाती थीं इसलिए मैंने इसे लिया ।'
(क) उँगलियाँ (ख) रोटियाँ (ग) लकड़ियाँ (घ) इनमें से कोई नहीं।

10. पंजाबी शब्द 'ਅਧਿਆਪਕਾ' के लिए सही हिंदी शब्द चुनो-
(क) अधिआपका (ख) अध्यापिका (ग) अध्यापका (घ) अधियापिका

11. पंजाबी शब्द 'ਆਗਿਆ' के लिए सही हिंदी शब्द चुनो-
(क) अनुमति (ख) अज्ञान (ग) आगिआ (घ) ज्ञान

12. पंजाबी शब्द 'ਝੂਲਾ' के लिए हिंदी शब्द होगा-
(क) हिंडोला (ख) उड़ना (ग) आनंद (घ) खुशी

13. पंजाबी शब्द 'ਸੁਭਾਅ' के लिए हिंदी शब्द होगा-
(क) सुभाअ (ख) सुबह (ग) शोभा (घ) स्वभाव

14. 'माँ' कविता में माँ का उपहार क्या बताया क्या है?
(क) सहनशीलता (ख) भेंट (ग) तोहफा (घ) निराशा

15. 'मन गदगद हो जाना' मुहावरे का अर्थ है-
(क) बहुत दुखी होना (ख) बहुत निराश होना (ग) बहुत गुस्सा होना (घ) बहुत खुश होना

16. 'पैरों में पर लगना' मुहावरे का अर्थ बताओ-

(क) पैरों में चोट लगना (ख) ख़ुशी में दौड़ना (ग) धीरे धीरे चलना (घ) पैरों में दर्द होना

17. उचित योजक शब्द चुन कर भरो- 'हमने वहाँ बोटिंग की _______डायनासोर देखे।'

(क) या (ख) और (ग) यदि (घ) परंतु

18. उचित योजक शब्द चुन कर भरो- 'इनके मुँह में हाथ मत डालना_____ दुर्घटना हो सकती है।'

(क) और (ख) लेकिन (ग) नहीं तो (घ) यानि

19. उचित विराम चिन्ह लगायें- बच्चो_ आप सब कैसे हो _

(क) । , (ख) ! । (ग) ! ? (घ) , !

20. उचित विराम चिन्ह लगायें- ओ शरारती_ वहाँ इस तरह की फिल्में नहीं होतीं_

(क) । , (ख) ! । (ग) ! , (घ) ! ?

21. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो- 'माँ का बच्चे के प्रति प्यार-______'

(क) लोभ (ख) गुस्सा (ग) चाव (घ) ममता

22. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो- 'अच्छा व्यवहार-______'

(क) सदाचार (ख) दुराचार (ग) आचार (घ) व्यवहार

23. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो- 'बिना स्वार्थ के______'

(क) स्वार्थी (ख) मतलबी (ग) निःस्वार्थ (घ) अस्वार्थ

## उत्तर कुंजी

| | | |
|---|---|---|
| 1. ख | 9. क | 17. ख |
| 2. ख | 10. ख | 18. ग |
| 3. घ | 11. क | 19. ग |
| 4. ग | 12. क | 20. ख |
| 5. घ | 13. घ | 21. घ |
| 6. ग | 14. क | 22. क |
| 7. क | 15. घ | 23. ग |
| 8. घ | 16. ख | |

## भाग–ख

24. प्रश्न :- नमाज़ ख़त्म होने पर लोग क्या करते हैं?
उत्तर : नमाज़ ख़त्म होने पर लोग गले मिलते हैं।
25. प्रश्न :- हामिद हिंडोले में क्यों नहीं चढ़ता?
उत्तर : हामिद अपने तीन पैसों का एक तिहाई हिस्सा थोड़े से झूलों के लिए ख़र्च नहीं करना चाहता था।
26. प्रश्न : साइंस सिटी का पूरा नाम क्या है?
उत्तर : साइंस सिटी का पूरा नाम पुष्पा गुजराल साइंस सिटी है।
27. प्रश्न : डायनासोर पार्क में कितनी तरह के डायनासोर हैं?
उत्तर : डायनासोर पार्क में 26 प्रकार के डायनासोरों के 45 मॉडल हैं।

28. प्रश्न : माँ किसका वरदान है ?

उत्तर : माँ ईश्वर का वरदान है।

29. प्रश्न : माँ का हथियार क्या है ?

उत्तर : माँ का हथियार साहस है।

30. वाघा बॉर्डर को किस नाम से जाना जाता है ?

उत्तर :वाघा बॉर्डर को 'एशिया की बर्लिन दीवार' के नाम से जाना जाता है।

31.यह बॉर्डर किन दो देशों के मध्य स्थित है ?

उत्तर :यह बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है।

32. हामिद बड़ा चालाक है________ अपने पैसे बचा कर रखे थे।

I. इसलिए
II. परंतु
III. क्योंकि
IV. लेकिन

उत्तर: (I) इसलिए

33. रमज़ान के_______ रोज़ों के बाद ईद आई है।

I. तीन
II. तीस
III. तेरह
IV. दस

उत्तर: (II) तीस

34. ऐसा लगता है_______ सब कुछ आपके पास हो रहा हो।

I. ताकि
II. मानो
III. और
IV. या

उत्तर: (II) मानो

35. 'अभिवादन' शब्द का अर्थ है-

I. सम्मान करना
II. खो देना
III. गुस्सा करना
IV. छोड़ जाना

उत्तर: (I) सम्मान करना

36. माँ के चरणों में किस का द्वार है?

I. घर का
II. स्वर्ग का
III. दुनिया का
IV. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: (II) स्वर्ग का

37. जिसका पार न हो-

I. अपार
II. सपार
III. आर-पार
IV. निपार

उत्तर: (I) अपार

38. वाघा बॉर्डर के एक तरफ भारत और दूसरी तरफ______ है।

I. पाकिस्तान
II. श्रीलंका
III. नेपाल
IV. बांग्लादेश

उत्तर: (I) पाकिस्तान

39. एक-मात्र शब्द का अर्थ है-

I. माता
II. मित्र
III. केवल एक
IV. मृत

उत्तर: (III) केवल एक

## भाग–ग

**40.प्रश्न- हामिद का चिमटा रुस्तमे-हिन्द कैसे है?**

उत्तर - हामिद का चिमटा रुस्तमे हिन्द इसलिए है क्योंकि वह बड़ा बहादुर है । उसमें आग में कूदने की शक्ति है । आग में बहादुर ही कूद सकते हैं । उसके साथियों के मिट्टी के बने वकील , भिश्ती और सिपाही बहादुरी का काम नहीं कर सकते । चिमटा अपने साथियों के खिलौनों को तोड़ भी सकता है, मगर वे सभी खिलौने मिलकर भी इसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। अत : वह-रुस्तमे-हिन्द है ।

**41.प्रश्न- साइंस सिटी में आपको देखने में जो सबसे अच्छा लगा, उसके बारे में लिखें।**

उत्तर - साइंस सिटी में सबसे अच्छा डायनासोर पार्क लगा । इसमें सब तरह के अलग अलग डायनासोर हैं जिन्हें 45 अलग - अलग मॉडलों में दिखाया गया है । 35 फुट ऊँची विचित्र आकृति में चार हिलते - जुलते , मुँह फैलाते तथा आवाजें निकालते डायनासोर दिखाई देते हैं।

**42.प्रश्न- धरती के रूप में माँ क्या करती है? 'माँ' कविता के आधार पर लिखें।**

उत्तर - धरती के रूप में माँ नि:स्वार्थ भावना से सेवा करती है । वह सबका कल्याण करती है । सबको समान भाव से देखती है । वह सभी को बढ़ावा देती है । वह मर्यादित -रहकर सबका पालन - पोषण करती है।

**43.प्रश्न- बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म कैसे सम्पन्न होती है?**

उत्तर - बार्डर पर झंडा उतारने की रस्म सायं साढ़े पाँच बजे शुरू होती है । यह रस्म लगभग आधे - पौने घण्टे तक चलती है । इसमें बी० एस० एफ० के जवान पूरे उत्साह एवं जोश से परेड में हिस्सा लेते हैं । वे पूरे वेग से अपने बूट धरती पर मारते हैं । झंडा उतारते समय लोहे के दोनों गेट खोल दिए जाते हैं । दोनों देशों के सैनिक परस्पर हाथ मिलाते हैं । धीरे - धीरे दोनों देशों के जवान संगीत की मधुर ध्वनि में अपने - अपने देश के झंडे उतारकर संभाल लेते हैं और गेटों को फिर से बंद कर दिया जाता है ।

### 44. मुहावरे–

I. धावा बोलना- (हमला करना) सैनिकों ने दुश्मनों पर धावा बोल दिया।
II. बाल भी बाँका ना होना (कोई नुकसान ना होना) माँ अपने बच्चों का बाल भी बाँका नहीं होने देती।
III. देखते ही रह जाना (हैरान हो जाना) कक्षा में सभी मनोज को देखते ही रह गए।
IV. छक्के छुड़ाना (बुरी तरह हराना) भारत की कबड्डी टीम ने बाकी सभी टीमों के छक्के छुड़ा दिए।

45. **लिंग बदलो:-**

I. बूढ़ा–बुढ़िया
II. धोबिन–धोबी
III. लड़की–लड़का
IV. दादा–दादी

46. **वचन बदलो:–**

I. बंदूक–बंदूकें
II. चिमटा–चिमटे
III. पैसा–पैसे
IV. टोली–टोलियाँ

47. **विपरीत शब्द लिखो:-**

I. वरदान–श्राप
II. स्वीकार–अस्वीकार
III. प्रेम–घृणा
IV. सदाचार–दुराचार

## भाग–घ

## 48. मित्र के जन्मदिन पर उसे बधाई पत्र लिखो।

210, माडल ग्राम,

लुधियाना|

20 अक्तूबर, 2020

प्रिय मित्र रमन,

नमस्ते|

तुम्हें तुम्हारे जन्मदिन की ढेरों बधाइयाँ । ईश्वर करें तुम ख़ूब तरक्की करो और तुम्हारे सारे सपने पूरे हों। ईश्वर तुम्हें अच्छी सेहत और सुख समृद्धि से भरपूर रखें। एक बार फिर मेरे और मेरे पूरे परिवार की तरफ से तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई।

तुम्हारा मित्र,

सचिन|

## 49. मेरा परिवार

मेरा नाम सचिन है | आज मैं अपने परिवार से आप को मिलवाता हूँ| मेरा संयुक्त परिवार है| मेरे परिवार में आठ सदस्य हैं| मैं अपने दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची व छोटी बहन के साथ रहता हूँ| मैं आठवीं कक्षा का छात्र हूँ| मेरा परिवार खेती-बाड़ी करता है| हम सब गाँव में रहते हैं| मेरे पिता जी चाचा जी के साथ खेतों में काम करते हैं| मेरी माँ और चाची जी मिल कर घर का काम करतीं हैं| हमारे घर में तीन गायें हैं| माँ हररोज़ दूध में से मक्खन निकालती है| मुझे और मेरे छोटी बहन को मक्खन स्वाद लगता है| हम दोनों गाय के बछड़े के साथ खेलते हैं| मेरी छोटी बहन पाँचवीं कक्षा में पढ़ती है| मैं उसकी पढ़ाई में मदद करता हूँ|

मेरे चाचा जी इंजीनियर हैं, वे मुझे पढ़ाते हैं| मैं भी उनकी तरह इंजीनियर बनना चाहता हूँ| मेरा परिवार गाँव का सम्मानित परिवार है| मेरे पिता जी पंचायत के सदस्य हैं| वे गाँव के विकास में अपना योगदान देते हैं| मेरे दादा जी रिटायर्ड फौजी हैं| देश-सेवा के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया गया है| मेरी चाची जी अध्यापिका हैं| वे गाँव के सरकारी स्कूल में पढ़ाती हैं | मेरी माता जी गाँव की स्त्रियों को सिलाई का काम सिखाती हैं|

मेरे परिवार का प्रत्येक सदस्य देश की उन्नति में अपना सहयोग देता है| मैंने अपने परिवार से अनुशासन, देश-प्रेम और कर्तव्य की शिक्षा पाई है| मैं बड़ा हो कर एक अच्छा नागरिक बनूँगा, क्योंकि मेरे परिवार के अच्छे संस्कार मुझे मिले हैं|

**50. पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करो:-**

| | |
|---|---|
| ਹਾਮਿਦ ਤਾਂ ਮੋਟਰ ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਆਉਂਦਾ ਆਉਂਦਾ ਬਚਿਆ। | हामिद तो मोटर के नीचे आते-आते बचा। |
| ਉਸਦਾ ਚਿਮਟਾ ਰੁਸਤਮੇ ਹਿੰਦ ਹੈ। | उसका चिमटा रुस्तमे-हिंद है। |
| ਤੇਰੀਆਂ ਉਂਗਲਾਂ ਤਵੇ ਨਾਲ਼ ਸੜ ਜਾਂਦੀਆਂ ਸਨ। | तुम्हारी उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं। |

पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, हिंदी टीम